# उपायुक्त – सह – जिला दण्डाधिकारी का न्यायालय, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

## B.P.L.E. APPEAL No.- 130/2014-15

Appellant - Surendra Sharma , S/o Late Ramashish Sharma

\- Vrs.-

Respondent/O.P. State of Jharkhand

| | आदेश | |
|---|---|---|
| | 1. यह अपील आवेदन अंचल अधिकारी का न्यायालय जमशेदपुर द्वारा B.P.L.E. केस नम्बर–03/2011–12 में दिनांक 02.07.2015 को पारित आदेश के विरूद्ध अपीलार्थी Surendra Sharma , S/o Late Ramashish Sharma Kishore Singha द्वारा दायर किया गया है। अपीलार्थी Surendra Sharma, S/o Late Ramashish Sharma द्वारा अपील आवेदन में जिक किया गया है, कि " (1) That respondent state of Jharkhand has filed a application against the appellant namely who is the staying the land and growing the agriculture and boundary situated at Bagbera P.S. Mango Bagbera Khata No Plot No- 1194, Thana No-1168, Area- 0.04 Acre which was registered as B.P.L.E. Case No- 03/11-12. (2) That appellant/petitioner appeared in this case and filed show cause in the said B.P.L.E. Case and appeared eash and every date fixed by the learned Circle Officer, Jamshedpur. (3) That matter was heared and learned court below passed order for remove the encroachment of aforesaid land of Khata No. Plot No- 1194, situated within your honour's jurisdiction. (4) That the learned Circle Officer, Jamshedpur by his impugned order dated 13/04/2012 allowed the application filed by the respondent/State of Jharkhand."<br>अपील आवेदन के Ground के कंडिका (iii), (iv) एवं (v) में जिक किया गया है कि "(iii) For that matter of fact that the appellant has acquired a piece of land bearing Plot No-1194 under Khata No. 223, situated at Mouza Bagbera P.S. Bagbera, Thana No- 1168 District East Singhbhum from rightful owner ship namely Banshidhar Sharma. It is the record in the Khatiyan Column No. 6, and its Plot is recorded of his wife Janki Devi who was the wife of Banshidhar Sharma. (iv) For that it is clear shows of the Khatiyan written in the name of Bridhi Chandra Agarwal, Khata No. 26, Plot No. 1195, in Mouza- Bagbera, P.S.- Bagbera, Thana No- 1168 District East Singhbhum. It is also clear show of boundary of that plot in the south side of Janki Devi Photo copy of Khatiyan attached herewith and also attached the show cause filed by the appellant to the lower court and map of Bagbera Mouza is also shows the same facts. (v) | |

For that the O.P. respectfully submits that the land in question and other land belonging to the appellant both are adjacent to each other and both the aforesaid plot has taken shop of single plot in fact the land owner from which is the appellant has purchased the land referred to above (Banshidhar Sharma) and his wife was in possession over the land and after transfer of aforesaid land the petitioner/appellant is in possession of the same land."

2. निम्न अदालत अभिलेख बी0पी0एल0ई0 वाद संख्या–03/2011–12 में दिनांक 13.04.2012 को पारित प्रश्नगत आदेश में उल्लेखित है, कि "अतिक्रमणकारी के द्वारा दिनांक 19.08.2011 को निर्धारित तिथि को अपना पक्ष नहीं रखा गया है। विपक्षी के द्वारा कोई ऐसा सबूती कागजात पेश नहीं किया गया है जिसके आधार पर प्रमाणित हो सके कि मौजा– बागबेड़ा, वार्ड/थाना नं0–1168, खाता नं0–223, प्लॉट नं0–1194, रकवा 0.04 भूमि का स्वामित्व बनता है। अतिक्रमणकारी के द्वारा अवैध रूप से अनाबाद बिहार सरकार (झारखण्ड सरकार) के कुल 0.04 ए. भूमि पर नींव डालकर चाहरदिवारी का निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया गया है। यह भूमि अनाबाद बिहार सरकार (झारखण्ड सरकार) की भूमि है तथा बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम के अन्तर्गत बी0पी0एल0ई0 एक्ट की धारा–2(2) में परिभाषित लोक भूमि के अन्तर्गत है। अतः सरकारी भूमि के रक्षार्थ वर्णित भूमि से अतिक्रमण हटाने हेतु बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 की धारा–6(2) के अन्तर्गत अतिक्रमणकारी श्री सुरेन्द्र शर्मा, पिता रामाशीष शर्मा, सा0–बागबेड़ा को उच्छेदन आदेश देता हूँ। अतिक्रमणकारी को नोटिस करें कि उक्त वर्णित भूमि पर से अतिक्रमण दिनांक 05.08.2015 तक हटा लें अन्यथा बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगा एवं उस पर की गई खर्च अतिक्रमणकारी से वसूली जाएगी।"

3. अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता को सुना। अपील आवेदन, निम्न न्यायालय द्वारा पारित प्रश्नगत आदेश, सम्पूर्ण अभिलेख एवं उपलब्ध कागजातों का अवलोकन किया। छोटानगपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा–84(1), (2) एवं (3) में प्रावधानित है, कि (1) In any suit or other proceedings in which a record-of-rights prepared and published under this Chapter or a duly certified copy thereof or extract therefrom is produced, such record-of-rights shall be presumed to have been finally published unless such publication is expressly denied and a certificate, signed by the Revenue-officer, or by the Deputy Commissioner of any district in which its local area, estate or tenure or part thereof to which the record-of-rights relates is wholly or partly situate, stating that the record-of-rights has been finally published, under this chapter shall be conclusive evidence of such publication. (2) The (State) Government may, by notification, declare with regard to any specified area, that a record-of-rights has been finally published for every village included in that area; and such notification shall be conclusive evidence of such publication.



3/7/6/16

(3) Every entry in a record-of-rights so published shall be evidence of the matter referred to in such entry and shall be presumed to be correct until it is proved, by evidence, to be correct. इन प्रावधानों के अनुसार record-of-rights का निर्धारण हाल सर्वे खतियान के आधार पर की जानी है। हाल सर्वे खतियान में प्रश्नगत भूमि अनाबाद बिहार सरकार के नाम से दर्ज है। इससे स्पष्ट है, कि निम्न न्यायालय का आदेश उचित एवं न्यायसंगत है इसे यथावत रखते हुए अपील आवेदन खारिज किया जाता है।

विधि–व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक कार्यो में व्यस्तता के कारण आदेश आज दिनांक 07.06.2016 को पारित किया जा रहा है।

लेखापित एवं संशोधित

उपायुक्त
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

उपायुक्त
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।